हरिभूमि
मध्यांचल भूमि
रायपुर, शुक्रवार 2 अक्टूबर 2026

तापमान

अधिकतम 33.0 डिग्री

न्यूनतम 22.0 डिग्री

13 वार्ड क्रमांक 5 में 8 लाख रुपए की लागत ...



14 330 शालेय खिलाड़ी, चार खेल दिवसों में दिखेगा दमखम



खबर संक्षेप

गांजा की बिक्री करने वाला आरोपी गिरफ्तार



पलारी। पलारी पुलिस टीम द्वारा मकान में अवैध गांजा रखकर बिक्री करने वाले 1 आरोपी को त्वरित कार्यवाही करते हुए गिरफ्तार किया गया है। 30 सितंबर को थाना पलारी पुलिस को मुखबिर से सटीक सूचना प्राप्त हुई कि रोहांसी निवासी जितेन्द्र साहू अपने मकान में अवैध रूप से मादक पदार्थ गांजा रखकर बिक्री करने की फिराक में है। सूचना की संवेदनशीलता को देखते हुए थाना प्रभारी पलारी द्वारा तत्काल वरिष्ठ अधिकारियों को सूचित कर मुखबिर सूचना पंचनामा तैयार किया गया एवं पुलिस टीम का गठन कर मौके के लिए रवाना किया गया। पुलिस की त्वरित रणनीति एवं सजगता के कारण आरोपी को भागने या माल छिपाने का मौका नहीं मिला। पुलिस टीम ने रोहांसी स्थित आरोपी के मकान पर तत्काल पहुंचकर घेराबंदी की और आरोपी जितेन्द्र साहू को मौके पर ही धर दबोचा। तलाशी एवं जब्ती कार्यवाही- गवाहों की उपस्थिति में विधिवत मकान की तलाशी लेने पर कमरे के अंदर रखे एक झोले से खाकी रंग के टेप से लिपटा मादक पदार्थ गांजा बरामद हुआ। तौल कराने पर कुल 0.727 ग्राम अवैध गांजा कीमती 9,700 एवं घटना में प्रयुक्त 01 मोबाइल फोन कीमती 5,000 रुपए कुल जुमला कीमती 14,700 रुपए विधिवतजप्त कर सीलबंद किया गया।

शिविर मिले 736 आवेदन, 614 समस्याओं का मौके पर समाधान

अंतिम पंक्ति के व्यक्ति तक पहुंच रहा योजनाओं का लाभ : मंत्री टंकराम वर्मा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार

सेवा संकल्प अभियान अंतर्गत गुरुवार को जिले मे ब्लॉक स्तरीय सेवासेतु शिविर प्रारम्भ हुआ। राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा ने जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति मे नवीन कृषि उपज मण्डी परिसर बलौदाबाजार मे आयोजित सेवा सेतु शिविर का दीप प्रज्ज्वलित कर शुभारम्भ किया। इस अवसर पर उन्होंने विभिन्न विभाग अंतर्गत योजनाओं के 3888 हितग्राहियों को सामग्री,चेक एवं प्रमाण पत्र वितरित किया। शिविर मे विभिन्न समस्याओ औऱ मांगो से समाबंधित 736आवेदन प्राप्त हुए जिसमें से 614 का मौक़े ओर ही निराकरण किया गया।

शिविर को सम्बोधित करते हुए मंत्री श्री वर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जनसेवा के 25 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य मे राष्ट्रव्यापी सेवा संकल्प अभियान 17 सितम्बर से 17 अक्टूबर तक चलाया जा रहा है। इस अभियान के अंतर्गत सेवा सेतु शिविर का भी आयोजन किया जा रहा जिसका उद्देश्य शासन की योजनाओं की पहुंच अंतिम छोर एवं अंतिम पंक्ति तक पहुंचाना है। उन्होंने कहा कि इस शिविर मे एक छत के नीचे सभी विभागों के स्टॉल लगाए गए है औऱ जिला अधिकारी भी उपस्थित है,ऐसे अवसर का लाभ अधिक से अधिक लोग उठायें। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में हमारी सरकार मोदी की गारंटी को शतप्रतिशत लागू किया है। महतारी वंदन योजना से 70 लाख महिलाओ को हर महीना एक हजार रुपए उनके खाते मे जमा हो रहा है,दीनदयाल उपाध्याय भूमिहीन कृषि मजदूर कल्याण योजना अंतर्गत पात्र मजदूर को सालाना 10 हजार रुपए दिया जा रहा है।

3888 हितग्राहियों को मिली सामग्री







'दान उत्सव रथ' को दिखाई हरी झंडी

कलेक्टर कुलदीप शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री की मंशानुसर सेवा सेतु शिविर का आयोजन किया जा रहा है। जिले के हर ब्लॉक मे एक शिविर आयोजित होगा। जिला प्रशासन केन्द्र एवं राज्य शासन की योजनों का लाभ हर पात्र हितग्राही तक पहुँचाने प्रतिबद्ध है।इस अवसर पर राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा ने दान उत्सव रथ के लिये सामग्री दान की एवं एवं उपस्थित जनप्रतिनिधियों के साथ रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। दान उत्सव रथ गांव -गांव पहुंचेगी इच्छुक व्यक्ति कोई भी वस्तु दान कर सकेंगे जिसे जरुरतमंदो को प्रदाय की जाएगी। दान उत्सव मे बढ़ चढ़कर सहभागिता कर दान करने की अपील की गई।

बुजुर्गों को पहनाया चश्मा, स्टॉलों का किया निरीक्षण

बुजुर्गो का पहनाया नजर का चश्मा-राजस्व मंत्री श्री वर्मा ने शिविर मे विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉलो एवं मेगा हेल्थ कैम्प का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने स्वस्थ्य विभाग के स्टॉल मे कई बुजुर्गो को नजर का चश्मा पहनाकर उनके चेहरे मे मुस्कान लाये। उन्होंने कई स्टॉलो मे हितग्राहियों को सामग्री भी वितरित किया। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष आकांक्षा जायसवाल, उपाध्यक्ष पवन वर्मा, जनपद अध्यक्ष सुलोचना यादव, उपाध्यक्ष सुमन वर्मा, भारत स्काउट गाइड के राज्य उपाध्यक्ष विजय केशरवानी,एसपी गौरव राय, डीएफओ पंकज कमल, सीईओ जिला पंचायत सुश्री दिव्या अग्रवाल सहित अन्य जनप्रतिनिधि, अधिकारी -कर्मचारी एवं बड़ी संख्या मे ग्रामीण उपस्थित थे।

89 लाख का गांजा जब्त सात आरोपी गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ⏭ भटगांव

सारंगढ़-बिलाईगढ़ जिले में अवैध नशे के कारोबार पर नकेल कसने के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत पुलिस और एएनटीएफ की संयुक्त टीम ने ओडिशा से उत्तर प्रदेश तस्करी कर ले जाया जा रहा गांजे का बड़ा जखीरा बरामद किया है। पुलिस ने दो अलग-अलग मामलों में कार्रवाई करते हुए 1 क्विंटल से अधिक (103.11 किलो) अवैध गांजा जब्त किया है। जब्त गांजे और वाहनों समेत कुल सामग्री की कीमत लगभग 89.75 लाख रुपये आंकी गई है। दोनों मामलों में उत्तर प्रदेश निवासी कुल 7 अंतरराज्यीय तस्करों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है।

अलमारी के भीतर छिपाकर रखा था 39 किलो गांजा

चौकी बेलादुला थाना सरसीवा क्षेत्र अंतर्गत 30 सितंबर को मिली सटीक सूचना के आधार पर पुलिस व एएनटीएफ टीम ने तेंदूदरहा के पास नाकाबंदी कर एक नारंगी-लाल रंग के आयशर वाहन एमएच 04 एनबी 2816 को रोका। वाहन की सघन तलाशी लेने पर पीछे रखी लोहे की अलमारी के अंदर छिपाकर रखे गए भूरे टेप से लिपटे 35 पैकेट गांजा वजन 39.76 किग्रा, कीमती 19.50 लाख बरामद हुआ।

⏭ शेष पेज 13 पर

ऑल्टो से पायलटिंग कर फ्रोंक्स कार में ले जाया जा रहा था 63 किलो गांजा

दूसरी कार्रवाई थाना भटगांव क्षेत्र में हुई, जहां एमसीपी लगाकर वाहनों की चेकिंग की जा रही थी। सारंगढ़ की ओर से आ रही ऑल्टो कार यूपी 95 डब्लू 5149 चेकिंग देखकर भाग निकली। उसके पीछे आ रही फ्रोंक्स कार यूपी 32 ए 4445 के चालक ने पुलिस स्टॉपर को टक्कर मारी और तेज रफ्तार में जांजगीर की ओर भाग निकला। भटगांव पुलिस ने जांजगीर पुलिस से तालमेल बिठाकर गिरवानी पेट्रोल पंप के पास घेराबंदी कर गाड़ियों को पकड़ा। जांच में सामने आया कि ऑल्टो कार में सवार 4 आरोपी आगे-आगे पायलटिंग कर रहे थे, जबकि फ्रोंक्स कार में रखे 4 प्लास्टिक बोरियों में 63.350 किग्रा गांजा कीमती 31.50 लाख भरा हुआ था। पुलिस ने महोबा व हमीरपुर उत्तर प्रदेश निवासी आरोपी सुनील बेलदार, अरविंद कुमार ठाकुर, सुरेंद्र यादव, सागर सिंह और मेहताब अहमद को गिरफ्तार किया। इस कार्रवाई में गांजा, दोनों कारें और 7 मोबाइल सहित कुल 44,55,000 की मशरुका जब्त की गई। सभी आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट व बीएनएस की सुसंगत धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है।



खबर संक्षेप



शराब पीकर वाहन चलाने वालों पर कोर्ट ने लगाया 10 हजार का जुर्माना

गिधौरी। बलौदाबाजार-भाटापारा पुलिस द्वारा शराब पीकर वाहन चलाने वाले लोगों की चेकिंग कर उनके वाहन विधिवत जप्त करते हुए न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करने की प्रक्रिया भी लगातार की जा रही है। इस दौरान चेकिंग अभियान में थाना गिधौरी पुलिस द्वारा ब्रेथ एनालाइजर के माध्यम से चेकिंग कर एक वाहन चालक को शराब पीकर वाहन चालन करते हुए पकड़ा गया। पुलिस द्वारा इस प्रकरण में वाहन चालक के विरुद्ध मोटर व्हीकल की विभिन्न धाराओं के तहत कार्यवाही करते हुए, इनके वाहन विधिवत जप्त कर माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया, जिसमें 1 अक्टुबर को शराब पीकर वाहन चलाने वाले प्रकरण में वाहन चालक को 10,000 अर्थदंड से दंडित किया गया है। पुलिस द्वारा शराब पीकर वाहन चलाते हुए, पकड़े गए इन सभी चालकों के विरुद्ध लाइसेंस निलंबन की भी कार्यवाही की जाएगी। पुलिस द्वारा शराब पीकर वाहन चलाने वाले लोगों पर सख्त कार्रवाई आगे भी लगातार जारी रहेगी।

सीएससी पलारी में रक्तदान शिविर आज

पलारी। सेवा संकल्प अभियान के तहत प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सेवा समर्पण के 25 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में शुक्रवार को 10 से 03 बजे तक सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पलारी में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया है। खंड चिकित्सा अधिकारी पंकज वर्मा के मार्गदर्शन में आयोजित शिविर के बारे में जानकारी देते हुए किसान मोर्चा जिला महामंत्री एवं सेवा संकल्प अभियान ब्लाक संयोजक महेन्द्र साहू ने युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओं सहित आम जनता से अपील करते हुये कहा कि रक्तदान महादान, जीवनदान ऐसे पुनीत कार्य में अधिक से अधिक संख्या में सहभागी बनकर जीवन को सफल बनायें।

मुंडा स्कूल में सीसीटीवी कैमरा के बाद अब प्रिंटर, लैपटॉप पार

मुंडा। ग्राम पंचायत कोहरौद के शासकीय हाई स्कूल में अगले तीन माह पहले सीसीटीवी फुटेज लगाया गया था ताकि स्कूल में किसी प्रकार का असामाजिक तत्व घटित ना हो लेकिन अज्ञात चोरों द्वारा सीसीटीवी फुटेज का कैमरा चोरी कर लिया गया था। सूचना लवन थाना में प्राचार्य व शिक्षक लोग सूचना रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी लेकिन थाना प्रभारी द्वारा किसी प्रकार कार्यवाही नहीं किया गया। वहीं चोरी करने वाले चोर बेखौफ हो गए और दूसरा अंजाम दे दिया और खिड़की को काटकर ऑफिस अंदर घुस गया ऑफिस में रखे सामान एचटी कंपनी प्रिंटर, लैपटॉप और माउस सहित समान को चोरी कर ले गया जिसकी शिकायत प्राचार्य व शिक्षक लोग लवन थाना में दर्ज कराया गया।

उपभोक्ता आयोग ने दिलाई वाहन बीमा की राशि

बलौदाबाजार। बीमा कंपनी द्वारा उपभोक्ता के वाहन की बीमा मरम्मत राश्रि प्रदाय नहीं किये जाने के मामले में उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग बलौदाबाजार द्वारा बीमा कंपनी को सेवा में कमी का दोषी मानते हुए बीमा योजना के तहत बीमा मरम्मत राशि 344587 एवं उपभोक्ता को मानसिक क्षतिपूर्ति के लिए राशि 25000 तथा वाद-व्यय हेतु 7000 रूपये परिवादी को प्रदाय किये जाने का आदेश पारित किया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार तहसील पलारी अंतर्गत ग्राम अमेठी निवासी परिवादी पोषण कुमार रजक ने विरोधी पक्षकार लिबर्टी जनरल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड, मुंबई से अपने वाहन का बीना कराया था। वाहन के दुर्घटनाग्रस्त होने पर वाहन के बीमा मरम्मत राशि का दावा परिवादी द्वारा विरोधी बीमा कंपनी के कार्यालय मे प्रस्तुत किया गया जिसे निरस्त कर दिया गया जिससे परिवेदित होकर परिवादी द्वारा जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग बलौदाबाजार में परिवाद प्रस्तुत किया गया।

सोनपुर में नया पावर स्टेशन : वनांचल को लो-वोल्टेज से मिलेगी मुक्ति

हरिभूमि न्यूज ⏭ कसडोल

विकासखंड कसडोल के वनांचल क्षेत्र ग्राम सोनपुर में लंबे समय से चली आ रही बिजली की समस्या का अब समाधान होने की उम्मीद जगी है। मुख्यमंत्री विद्युत अधोसंरचना विकास योजना के अंतर्गत निर्मित छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत वितरण कंपनी के 33/11 केवी विद्युत उपकेंद्र सोनपुर का शुभारंभ किया गया। उपकेंद्र के शुरू होने से सोनपुर, भानपुर, खैरा, बरपानी सहित आसपास के गांवों में बिजली आपूर्ति व्यवस्था मजबूत होगी और उपभोक्ताओं को बार-बार बिजली बंद होने तथा लो-वोल्टेज की समस्या से राहत मिलने की उम्मीद है। वनांचल क्षेत्र में लंबे समय से विद्युत सब स्टेशन की मांग की जा रही थी। गर्मी के दिनों में विशेष रूप से ग्रामीण क्षेत्रों में लो-वोल्टेज की समस्या गंभीर हो जाती थी। इसका सीधा असर घरेलू उपभोक्ताओं के साथ-साथ कृषि कार्य पर भी पड़ता था। नए उपकेंद्र के चालू होने से क्षेत्र में विद्युत आपूर्ति का भार विभाजित होने के साथ वोल्टेज में सुधार की संभावना है।सोनपुर और आसपास के वनांचल क्षेत्र में बड़ी संख्या में किसान कृषि कार्य से जुड़े हैं। रबी सीजन में धान सहित अन्य फसलों की सिंचाई के लिए बिजली पर निर्भरता रहती है। लो-वोल्टेज के कारण किसानों को विद्युत पंप चलाने में परेशानी का सामना करना पड़ता था।

किसानों को सिंचाई के लिए मिलेगी निर्बाध बिजली



अधिकारियों की मौजूदगी में हुआ शुभारंभ

नए 33/11 केवी उपकेंद्र सोनपुर का शुभारंभ मुख्य अधीक्षण यंत्री जीपी अनंत, बलौदाबाजार तथा कार्यपालन यंत्री बलभद्र भूषण वर्मा, कसडोल के हाथों किया गया। इस अवसर पर कार्यपालन यंत्री प्रोजेक्ट बलौदाबाजार रोशन लाल देवांगन, आकाश देवांगन, बिलाईगढ़ से राणा सिंह रॉय, सहायक यंत्री एसटीएम बलौदाबाजार उमाशंकर साहू, कनिष्ठ यंत्री चांदन लोचन सिंह ध्रुव, लाइनमैन रामप्रकाश साहू सहित लोकेंद्र साहू, ललित साहू, बनू पटेल, भानपुर के बोधी राम यादव, खीक राम पटेल एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहे। नए विद्युत उपकेंद्र के शुरू होने से क्षेत्र के ग्रामीणों को बेहतर और अपेक्षाकृत स्थिर विद्युत आपूर्ति मिलने की उम्मीद है। लंबे समय से बिजली की समस्या झेल रहे वनांचल क्षेत्र के लिए इसे महत्वपूर्ण विद्युत अधोसंरचना के रूप में देखा जा रहा है।

सफाई व मरम्मत की धीमी चाल से नाराजगी, हादसों का खतरा बढ़ा


महानदी पुल की रेलिंग टूटी

हरिभूमि न्यूज ⏭ गिधौरी

पिछले दिनों महानदी में आई बाढ़ के कारण गिधौरी-शिवरीनारायण को जोड़ने वाला महानदी पुल पूरी तरह बाढ़ के पानी में डूब गया था। बाढ़ का पानी उतरने के बाद पुल पर बड़ी मात्रा में कचरा और मलबा जमा हो गया, वहीं बाढ़ के तेज बहाव के कारण पुल की रेलिंग भी क्षतिग्रस्त होकर टूट गई है। वर्तमान में पुल पर मरम्मत एवं सफाई का कार्य जारी है, लेकिन नागरिकों का कहना है कि मरम्मत कार्य की गति बेहद धीमी है, जिसके कारण पुल की स्थिति को लेकर दोनों ओर के लोगों में नाराजगी बढ़ती जा रही है। गिधौरी शिवरीनारायण नगर सहित क्षेत्र के नागरिकों ने पुल की जल्द से जल्द आवश्यक मरम्मत कराने की मांग की है। नागरिकों का कहना है कि यह पुल दोनों जिलों के लोगों के आवागमन का महत्वपूर्ण माध्यम है। प्रतिदिन बड़ी संख्या में लोग इस पुल से आवागमन करते हैं। ऐसे में पुल की रेलिंग टूटने और अन्य क्षतिग्रस्त हिस्सों की मरम्मत में देरी से लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।







बाढ़ के साथ बहकर आए कचरे और मलबे की सफाई का कार्य भी अभी जारी है। नागरिकों ने संबंधित विभाग से मांग की है कि सफाई एवं मरम्मत कार्य में तेजी लाते हुए पुल को जल्द सुरक्षित एवं व्यवस्थित स्थिति में लाया जाए, ताकि आवागमन करने वाले लोगों को किसी प्रकार की परेशानी या दुर्घटना का सामना न करना पड़े। दोनों ओर के नागरिकों ने पुल की वर्तमान स्थिति को गंभीरता से लेते हुए संबंधित अधिकारियों से शीघ्र निरीक्षण कर आवश्यक मरम्मत कार्य तेजी से पूर्ण कराने की मांग की है।

जनपद सदस्य ने छात्रों को बांटे जूते-चप्पल



हरिभूमि न्यूज ⏭ खरोरा

तिल्दा जनपद क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले तीन गांव केसला, नवागांव एवं बेलटूकरी की जनपद सदस्य सरोज मुकेश भारद्वाज ने एक अभिनव पहल करते हुए शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला बेलटूकरी में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं को अपने स्वयं के खर्च से जूते-चप्पल एवं मोजे वितरित किए। इस पहल से विद्यार्थियों में उत्साह और खुशी का माहौल देखने को मिला।जनपद सदस्य सरोज मुकेश भारद्वाज ने बताया कि कुछ दिन पूर्व शाला के निरीक्षण के दौरान उन्होंने देखा कि कई बच्चे बिना जूते-चप्पल के विद्यालय आ रहे थे। इसे देखते हुए उन्होंने विद्यार्थियों की आवश्यकता को महसूस किया और अपने स्तर पर सभी बच्चों को जूते-चप्पल एवं मोजे उपलब्ध कराने का निर्णय लिया। इसी क्रम में शाला में अध्ययनरत करीब 165 छात्र-छात्राओं को अपने स्वयं के खर्च से जूते-चप्पल एवं मोजे वितरित किए।इस दौरान बच्चों को सामग्री वितरित करते ही उनके चेहरे पर खुशी और उत्साह देखने को मिला। जनपद सदस्य की इस पहल की छात्र-छात्राओं, शिक्षक-शिक्षिकाओं एवं ग्रामीणों ने सराहना की।इसके साथ ही जनपद सदस्य द्वारा अपने नाती के जन्मदिन के अवसर पर स्नेह भोज का आयोजन भी किया गया। उन्होंने कहा कि बच्चों के चेहरे पर खुशी देखकर उन्हें भी बेहद संतोष और प्रसन्नता हुई।कार्यक्रम के अवसर पर सरोज मुकेश भारद्वाज, जनपद सदस्य, पार्वती संतोष कुर्रे सरपंच बेलटूकरी, रमेश शर्मा प्रदेश कार्य समिति सदस्य किसान मोर्चा,श्याम सुंदर बंढे, दवाराम बंजारे, पुष्कर भारद्वाज,रामकुमार कोसरिया, संतराम नवरंगे, दिलीप कुमार सहित शाला के उपसरपंच, प्रधानपाठक जगदीश ध्रुव, शिक्षक-शिक्षिकाएं, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं गांव के वरिष्ठ नागरिक उपस्थित रहे।

गौरव पथ में सप्तपर्णी के फूलों की गंध से लोग परेशान



हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार

नगर के वार्ड क्रमांक 05 स्थित गौरव पथ में लगे सप्तपर्णी (छातिम) के वृक्षों के फूलों से निकलने वाली तीव्र गंध से मोहल्लेवासियों एवं राहगीरों को हो रही परेशानी को लेकर आज मोहल्लावासियों ने नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष अशोक जैन एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में बताया गया कि गौरव पथ में बड़ी संख्या में सप्तपर्णी के वृक्ष लगे हैं। फूल आने के समय इनसे निकलने वाली तेज गंध के कारण आसपास रहने वाले लोगों तथा राहगीरों को सिरदर्द, असहजता एवं एलर्जी जैसी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। मोहल्लावासियों ने जनहित में इन वृक्षों को आवश्यक प्रक्रिया एवं सक्षम अधिकारियों की अनुमति के बाद हटाकर उनके स्थान पर नीम, अमलतास, कचनार, अर्जुन सहित अन्य उपयुक्त छायादार एवं कम गंध वाले वृक्ष लगाने की मांग की है। ज्ञापन सौंपने वालों में लखेश साहू, अविनाश मिश्रा, संपत लाल साहू,राजेश साहू, भेणू साहू, ऐलेन निषाद, अमरू रजक, सहित वार्ड के अनेक मोहल्लावासी उपस्थित रहे। नगर पालिका अध्यक्ष एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी ने मोहल्लावासियों की समस्या को गंभीरता से सुनते हुए उच्चाधिकारियों से आवश्यक अनुमति प्राप्त कर शीघ्र उचित कार्रवाई करने तथा समस्या से मोहल्लेवासियों, नागरिकों एवं राहगीरों को निजात दिलाने का आश्वासन दिया। मोहल्ले वासियों ने नगर पालिका प्रशासन द्वारा शीघ्र कार्रवाई किए जाने की उम्मीद जताई है।

एसआईआर का विरोध, आप पार्टी ने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार

आम आदमी पार्टी जिला बलौदाबाजार-भाटापारा ने स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन के विरोध में गुरुवार को कलेक्ट्रेट पहुंचकर राष्ट्रपति के नाम जिला निर्वाचन अधिकारी एवं कलेक्टर के माध्यम से ज्ञापन सौंपा। पार्टी ने मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार की बर्खास्तगी एवं गिरफ्तारी की मांग के साथ एसआईआर प्रक्रिया निरस्त करने तथा छत्तीसगढ़ में इस दौरान मतदाता सूची से हटाए गए पात्र मतदाताओं के नाम पुनः जोड़ने की मांग की।जिलाध्यक्ष भुनेश्वर सिंह डहरिया ने कहा कि मतदाता सूची में प्रत्येक पात्र नागरिक का नाम सुरक्षित रहना लोकतांत्रिक व्यवस्था के लिए जरूरी है। पार्टी ने SIR के दौरान नाम हटाए जाने की शिकायतों की निष्पक्ष जांच कराने तथा पात्र मतदाताओं के नाम पुनः जोड़ने की मांग की है। साथ ही ज्ञानेश कुमार के कार्यकाल में हुए चुनावों की उच्चस्तरीय जांच की मांग भी ज्ञापन में की गई है।



ज्ञापन कार्यक्रम में जगन्नाथ महिलांग, कार्तिक राम निषाद, कमल महान, दिलीप कुमार, जसपाल सिंह, हरिशंकर नारंगे, फूल दास, सचिन हीरालाल, नेमन दास, भारत सिंह चौहान और चंदूलाल साहू सहित पार्टी के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। पार्टी नेताओं ने कहा कि मतदाता सूची में पारदर्शिता, पात्र नागरिकों का मताधिकार और निष्पक्ष निर्वाचन प्रक्रिया सुनिश्चित करने के लिए पार्टी लोकतांत्रिक तरीके से अपनी मांगें उठाती रहेगी।

अरुण छत्तीसगढ़ राज्य कार्यकारिणी सदस्य नियुक्त



भाटापारा। भारत स्काउट्स एवं गाइड्स छत्तीसगढ़ के राज्य मुख्य आयुक्त इंद्रजीत सिंह खालसा द्वारा अरुण छाबड़ा बंटी को छत्तीसगढ़ "राज्य कार्यकारिणी सदस्य" के पद पर नियुक्ति प्रदान की गई है अरुण छाबड़ा भारत स्काउट गाइड 9 नेशनल जंबुरी बोधगया बिहार में भाग ले चुके हैं लंबे समय से समाज सेवा एवं जनकल्याण से जुड़े विभिन्न कार्यों में सक्रिय हैं। शिक्षा, स्वास्थ्य, सामाजिक जागरूकता, युवा गतिविधियों, खेल एवं जरूरतमंदों की सहायता सहित विभिन्न क्षेत्रों में उनके द्वारा किए जा रहे कार्यों को देखते हुए यह नई जिम्मेदारी महत्वपूर्ण मानी जा रही है।भारत स्काउट्स एवं गाइड्स छत्तीसगढ़ की राज्य कार्यकारिणी में उनकी नियुक्ति से युवाओं एवं समाज के बीच सेवा, अनुशासन, नेतृत्व और सामाजिक जिम्मेदारी से जुड़े कार्यों को आगे बढ़ाने में उनके अनुभव का उपयोग किया जा सकेगा। नियुक्ति के बाद अरुण छाबड़ा को विभिन्न सामाजिक एवं शैक्षणिक संगठनों, जनप्रतिनिधियों तथा शुभचिंतकों ने शुभकामनाएं दीं। उन्होंने इस जिम्मेदारी के लिए भारत स्काउट्स एवं गाइड्स छत्तीसगढ़ का आभार व्यक्त करते हुए सेवा एवं जनहित के कार्यों को निरंतर आगे बढ़ाने की प्रतिबद्धता व्यक्त की।

पालन-पोषण देखरेख के माध्यम से बालिका को मिला पारिवारिक माहौल

बलौदाबाजार। कलेक्टर कुलदीप शर्मा के निर्देश एवं जिला कार्यक्रम अधिकारी अतुल परिहार के मार्गदर्शन में बालक कल्याण समिति, बलौदाबाजार द्वारा बालिका को फॉस्टर केयर में दिए जाने की संपूर्ण प्रक्रिया विधिवत संपन्न करायी गई। कलेक्टर श्री शर्मा ने बालिका से आत्मीय संवाद कर उसके भविष्य एवं आकांक्षाओं के संबंध में जानकारी ली। बातचीत के दौरान बालिका ने प्रसन्नतापूर्वक शिक्षिका बनने की अपनी इच्छा व्यक्त की। साथ ही बालिका को उपहार भेंट कर उज्ज्वल भविष्य के लिए बधाई एवं शुभकामनाएं दी। फॉस्टर परिवार को बालिका के समुचित पालन-पोषण, शिक्षा, स्वास्थ्य, सुरक्षा एवं भावनात्मक देखभाल सुनिश्चित



करने के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। फॉस्टर परिवार ने बालिका को परिवार के सदस्य के रूप में स्नेह, सम्मान एवं अपनत्व प्रदान करने का आश्वासन दिया। वहीं बालिका भी नए परिवार के साथ जाने को लेकर प्रसन्न एवं उत्साहित दिखाई दी।

भगवान 'बड़े बाबा' के दर्शन व पूजन करेंगे श्रद्धालु

कुंडलपुर तीर्थ यात्रा पर रवाना हुए जैन समाजजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार

श्री जैन समाज बलौदाबाजार द्वारा धार्मिक एवं आध्यात्मिक यात्रा के अंतर्गत कुंडलपुर तीर्थ यात्रा का आयोजन किया गया।

बुधवार शाम समाज के बड़ी संख्या में श्रद्धालु श्रद्धा और उत्साह के साथ कुंडलपुर के लिए रवाना हुए। यात्रा को लेकर समाजजनों में विशेष उत्साह का माहौल रहा। यात्रा के दौरान श्रद्धालु कुंडलपुर स्थित भगवान बड़े बाबा आदिनाथ के दर्शन, पूजन एवं अभिषेक का लाभ लेंगे। इसके साथ ही विभिन्न धार्मिक स्थलों के दर्शन कर



आध्यात्मिक एवं धार्मिक गतिविधियों में शामिल होंगे। समाजजनों के अनुसार, ऐसी यात्राओं का उद्देश्य धार्मिक एवं आध्यात्मिक चेतना को बढ़ावा देने के साथ समाज में आपसी प्रेम, सद्भाव और एकता को मजबूत करना है। यात्रा में संदीप जैन एवं ज्योति जैन, दिनेश छाबड़ा एवं ममता छाबड़ा, संजय पाटनी एवं डिंपल पाटनी, पियूष पाटनी, तुषार पाटनी, शालिनी पाटनी, रिंकी पाटनी, वीना पाटनी, रुनझुन पाटनी, प्रथम पाटनी, मेठी पाटनी, डी.पी. जैन एवं श्रीमती डी.पी. जैन, अनुराग जैन एवं दीप्ति जैन, महावीर प्रसाद काला एवं मनोरमा देवी, रमेश छाबड़ा, शांति छाबड़ा, लक्की छाबड़ा, एकता छाबड़ा, प्रवीण छाबड़ा, श्वेता छाबड़ा, रीत छाबड़ा, रितेश छाबड़ा, मयूर छाबड़ा, रुचि छाबड़ा, मनोज पाटनी, मिश्रीलाल छाबड़ा एवं सीमा छाबड़ा सहित समाज के अनेक श्रद्धालु शामिल हैं।

आंगनबाड़ी केंद्र पीपर में आंगन मिलन समारोह



गोपालपुर। महिला एवं बाल विकास विभाग के निर्देशानुसार आंगनबाड़ी केंद्र पीपर भावना तें में आंगन मिलन समारोह एवं न्योता भोज कार्यक्रम रखा गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य आंगनबाड़ी केंद्र के माध्यम से बच्चों महिलाओं तथा स्थानीय समुदाय को पोषण शिक्षा मातृ शिशु सुरक्षा स्वास्थ्य बच्चों के प्रारंभिक शिक्षा सरकार के क्रियान्वयन योजनाओं को स्थानीय समुदाय तक पहुंचाने का लक्ष्य रखा गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से जनप्रतिनिधि के रूप में सुकृता यादव उप सरपंच, पंच प्रतिनिधि प्रकाश कुर्रे, संकुल सीएसी गौरीशंकर कर्ष सेक्टर सुपरवाइजर नंदकुमारी साहू, शिक्षकगण आंगनबाड़ी कार्यकर्ता धनेश्वरी भास्कर, मंजू विश्वकर्मा, नागेश्वरी साहू, उतरा मीरी, सहायिका करीना भास्कर, अंजु जोल्हे, सनत लहरे, ताराचंद निषाद, गिरीश साहू, सनत कैवर्त्य, तुलसी दास मानिकपुरी, गायत्री महिलाने के साथ-साथ कार्यक्रम में बड़ी संख्या में गांव के माताएं बहनें एवं पालकों की उपस्थिति रही।

खबर संक्षेप

सुरक्षा उपकरण योजना से मुकेश को मिली सहायता राशि

बलौदाबाजार। सेवा संकल्प अभियान के तहत शासन द्वारा श्रमिकों के हित में संचालित योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों तक पहुंचाया जा रहा है। इसी क्रम में ग्राम खैन्दा निवासी मुकेश कुमार पटेल को श्रम कार्ड के माध्यम से सुरक्षा उपकरण योजना के तहत 1,500 की सहायता राशि प्राप्त हुई है। मुकेश



कुमार पटेल ने बताया कि योजना के तहत मिली सहायता राशि से उन्हें श्रम कार्य के दौरान आवश्यक सुरक्षा उपकरण प्राप्त करने में मदद मिलेगी। उन्होंने श्रमिकों के हित में योजनाएं संचालित करने तथा उनका लाभ प्रदान करने के लिए सुशासन सरकार के प्रति आभार व्यक्त किया। शासन द्वारा श्रमिकों की सुरक्षा, सुविधा और कल्याण को ध्यान में रखते हुए विभिन्न योजनाओं का संचालन किया जा रहा है, ताकि श्रमिक परिवारों को सामाजिक एवं आर्थिक रूप से संबल मिल सके।

सेवा सेतु शिविर में चतुर राम साहू को मिला निशुल्क चश्मा

बलौदाबाजार। सेवा सेतु शिविर में चतुर राम साहू को मिला निःशुल्क चश्मासेवा सेतु शिविर में चतुर राम साहू को मिला निःशुल्क चश्मा सेवा संकल्प अभियान अंतर्गत कृषि उपज मंडी परिसर पनगांव, बलौदाबाजार में आयोजित सेवा सेतु शिविर में आमजनों को



विभिन्न शासकीय सेवाओं एवं योजनाओं का लाभ सहजता से उपलब्ध कराया जा रहा है। इसी क्रम में अपना घर कॉलोनी निवासी चतुर राम साहू का शिविर में निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। स्वास्थ्य जांच के दौरान चिकित्सकीय परामर्श के आधार पर उन्हें चश्मा प्रदान किया गया। निःशुल्क स्वास्थ्य जांच एवं चश्मा मिलने से श्री चतुर राम साहू ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए सेवा सेतु शिविर के आयोजन के लिए शासन एवं जिला प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त किया।सेवा सेतु शिविर के माध्यम से नागरिकों को उनकी आवश्यकता के अनुरूप स्वास्थ्य, सामाजिक सुरक्षा, राजस्व, श्रम, कृषि सहित विभिन्न विभागों की सेवाएं एवं योजनाओं का लाभ एक ही स्थान पर उपलब्ध कराया जा रहा है। अभियान का उद्देश्य शासकीय सेवाओं को नागरिकों के और अधिक करीब पहुंचाते हुए पात्र हितग्राहियों को समय पर योजनाओं का लाभ दिलाना है।

पेज 11 के शेष

अलमारी के भीतर

मले में जौनपुर उत्तर प्रदेश निवासी अनुज कुमार गौतम (31) और टिंकू वर्मा (25) को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने गांजा, आयशर वाहन, 10 टन लोहे की चद्दर और 2 मोबाइल सहित कुल 45,20,000 की संपत्ति जब्त की। आरोपी बलांगीर (ओडिशा) से गांजा लेकर उत्तर प्रदेश जा रहे थे।

वार्ड क्रमांक 5 में 8 लाख रुपए की लागत से सीसी रोड और नाली निर्माण का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ तिल्दा-नेवरा

नगर पालिका तिल्दा-नेवरा के वार्ड क्रमांक 5 में करीब 8 लाख रुपये की लागत से बनने वाली सीसी रोड एवं नाली निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया गया। नगर पालिका अध्यक्ष चंद्रकला वर्मा ,वार्ड पार्षद राजेश कोटवानी ने विधिवत पूजा-अर्चना कर नारियल फोड़कर निर्माण कार्य का शुभारंभ किया। इस अवसर पर नगर पालिका पार्षद भाजपा एव कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद थे । भूमिपूजन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए नगर पालिका अध्यक्ष चंद्रकला वर्मा ने कहा कि वार्ड भले ही कांग्रेस के पार्षद का हो, लेकिन विकास के मामले में उनके लिए सभी वार्ड समान हैं। नगर पालिका क्षेत्र के प्रत्येक वार्ड में आवश्यकतानुसार विकास कार्य कराना उनकी प्राथमिकता है। उन्होंने उम्मीद जताई कि निर्माण कार्य करने वाला ठेकेदार गुणवत्तापूर्ण सड़क और मजबूत नाली का निर्माण करेगा, ताकि लंबे समय तक वार्डवासियों को इसका लाभ मिल सके। वार्ड पार्षद राजेश कोटवानी ने बताया कि प्रताप डेली नीड्स से लेकर मुकेश ट्रेडर्स तक सीसी रोड एवं नाली निर्माण का टेंडर करीब चार माह पहले ही हो चुका था। अब भूमिपूजन के साथ निर्माण कार्य की शुरुआत हुई है। उन्होंने कहा कि उनकी प्राथमिकता है कि सड़क का निर्माण गुणवत्तापूर्ण तरीके से हो और वार्डवासियों को किसी तरह की परेशानी न हो।

पार्षद राजेश कोटवानी ने किया भूमिपूजन



वार्ड में अभी कई विकास कार्यों की जरुरत

पार्षद कोटवानी ने वार्ड की अन्य समस्याओं की ओर भी नगर पालिका अध्यक्ष का ध्यान आकर्षित करते हुए कहा कि वार्ड में अभी कई विकास कार्यों की आवश्यकता है। उन्होंने अध्यक्ष चंद्रकला वर्मा से इन समस्याओं के निराकरण के लिए विशेष ध्यान देने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि चंद्रकला वर्मा नगर पालिका अध्यक्ष बनने से पहले इसी वार्ड से भारी मतों से पार्षद निर्वाचित होकर पांच वर्षों तक वार्डवासियों की सेवा कर चुकी हैं इसलिए उन्हें वार्ड की समस्याओं और आवश्यकताओं की अच्छी जानकारी है। कार्यक्रम में भाजपा के पूर्व पालिका उपाध्यक्ष राम पंजवानी, भाजपा नेता चंद्र कुमार पाटिल, लख्मीचंद नागवानी, सभापति ईश्वर यदु, सतीश निषाद, वार्ड एल्डरमैन अनिल वर्मा, मनोज कुमार, कमल महान, कांग्रेस नेता राजेश जेठानी, एल्डरमैन सुरेश कुमार सहित बड़ी संख्या में वार्डवासी उपस्थित रहे।

भाटापारा पालिका की सामान्य सभा में फैसला, करोड़ों के विकास कार्यों को मिली मंजूरी

1.99 करोड़ रुपए का शॉपिंग कॉम्प्लेक्स और 1.52 करोड़ रुपए से बनेगी पानी टंकी

हरिभूमि न्यूज ⏭ भाटापारा

नगर पालिका परिषद भाटापारा की सामान्य सभा की बैठक नगर पालिका अध्यक्ष अश्वनी शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में नगर के विकास, नागरिक सुविधाओं के विस्तार, पेयजल व्यवस्था, अधोसंरचना को मजबूत करने तथा भाटापारा के भविष्य को ध्यान में रखते हुए विभिन्न महत्वपूर्ण प्रस्तावों पर विस्तृत विचार-विमर्श कर आवश्यक निर्णय लिए गए।

नगर निगम का दर्जा मिलने की दिशा में आगे बढ़ने से भाटापारा के सुनियोजित, व्यापक और दीर्घकालीन विकास के लिए नई संभावनाएं निर्मित होंगी। सामान्य सभा में सुभाष बाजार (पल्टन होटल) में 199.10 लाख रुपए की लागत से प्रस्तावित शॉपिंग कॉम्प्लेक्स निर्माण कार्य के लिए प्राप्त न्यूनतम निविदा दर की स्वीकृति पर निर्णय लिया गया। इससे बाजार क्षेत्र के व्यवस्थित विकास और बेहतर व्यावसायिक सुविधाओं की दिशा में महत्वपूर्ण पहल होगी।



भाटापारा का विस्तार और भविष्य की आवश्यकता : अश्वनी

नगर पालिका अध्यक्ष श्री अश्वनी शर्मा ने कहा कि भाटापारा के विकास और नागरिक सुविधाओं को मजबूत करना नगर पालिका परिषद की सर्वोच्च प्राथमिकता है। छत्तीसगढ़ की सबसे बड़ी नगर पालिका के रूप में भाटापारा आज जिस गति से विस्तार कर रहा है, उसे देखते हुए भविष्य की आवश्यकताओं के अनुरूप नगर का स्वरूप और व्यवस्थाएं भी मजबूत होना जरूरी है। इसी दृष्टि से सामान्य सभा में भाटापारा को नगर निगम बनाए जाने का प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित किया गया है। यह केवल नगर का दर्जा बढ़लने का विषय नहीं है, बल्कि भाटापारा के भविष्य के विकास की दिशा तय करने वाला महत्वपूर्ण निर्णय है। नगर निगम बनने की दिशा में आगे बढ़ने से योजनाबद्ध विकास, बेहतर अधोसंरचना और नागरिक सुविधाओं के विस्तार की संभावनाएं और व्यापक होंगी। सामान्य सभा में पेयजल व्यवस्था, बाजार क्षेत्र के विकास, प्रमुख चौकों के सौंदर्यीकरण, शॉपिंग कॉम्प्लेक्स, एसएलआरएम सेंटर सहित अनेक महत्वपूर्ण विषयों पर निर्णय लिए गए हैं। हमारा स्पष्ट उद्देश्य है कि विकास कार्य केवल कागजों तक सीमित न रहें, बल्कि उनका सीधा लाभ भाटापारा के नागरिकों तक पहुंचे। बैठक में नगर पालिका उपाध्यक्ष, पार्षदगण, एल्डरमैन गण, विधायक प्रतिनिधि सहित नगर पालिका के संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

- इन प्रमुख विकास प्रस्तावों को मिली निविदा स्वीकृति

इसी क्रम में संत रविदास वार्ड क्रमांक 21 में 15वें वित्त आयोग मद के अंतर्गत 152.25 लाख की लागत से आरसीसी पानी टंकी निर्माण के लिए प्राप्त न्यूनतम निविदा दर को स्वीकृति प्रदान करने संबंधी निर्णय लिया गया। इससे नगर की पेयजल व्यवस्था को और मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण आधार तैयार होगा। अधोसंरचना मद के अंतर्गत नगर के प्रमुख चौकों के सौंदर्यीकरण के लिए 122.55 लाख रुपए की लागत से प्राप्त न्यूनतम निविदा दर पर भी आवश्यक निर्णय लिया गया। इसके माध्यम से प्रमुख सार्वजनिक स्थलों को व्यवस्थित, आकर्षक और आधुनिक स्वरूप प्रदान करने का प्रयास किया जाएगा। परिषद निधि मद के अंतर्गत एसएलआरएम सेंटर में 4.81 लाख की लागत से बाउंड्रीवॉल निर्माण तथा स्व-वित्तीय योजना के अंतर्गत पुराने सीएमओ क्वार्टर में 16.61 लाख की लागत से शॉपिंग कॉम्प्लेक्स निर्माण से संबंधित निविदा दरों पर भी आवश्यक निर्णय लिया गया। इसके अतिरिक्त निकाय में रखे गए अतिरिक्त 30 कर्मचारियों के भुगतान से संबंधित विषय पर भी परिषद द्वारा विचार-विमर्श कर आवश्यक निर्णय लिया गया। नगर पालिका परिषद द्वारा इन निर्णयों के माध्यम से पेयजल, बाजार, चौक सौंदर्यीकरण, स्वच्छता, अधोसंरचना और नागरिक सुविधाओं से जुड़े कार्यों को प्राथमिकता दी जा रही है।

स्वच्छता अभियान के तहत कुकुरडीह लाइमस्टोन खदान में रोपे 580 पौधे



हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार

भारतीय खान ब्यूरो, रायपुर के तत्वावधान में मेसर्स अल्ट्राटेक सीमेंट लिमिटेड, यूनिट कुकुरडीह सीमेंट वर्क्स की कुकुरडीह लाइमस्टोन खदान में 17 सितंबर से 17 अक्टूबर तक 'स्वच्छता ही सेवा' अभियान चलाया जा रहा है। अभियान की शुरुआत खदान के कर्मचारियों एवं श्रमिकों को स्वच्छता की शपथ दिलाकर की गई। इस दौरान सभी ने संस्थान के साथ-साथ अपने घर, मोहल्ले और समाज को स्वच्छ रखने में योगदान देने का संकल्प लिया।

अभियान के तहत खदान परिसर में विशेष साफ-सफाई अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में माइंस ऑफिस एवं मैगजीन क्षेत्र के आसपास पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें माइंस कर्मचारियों एवं कॉन्ट्रैक्टर के कामगारों ने सहभागिता करते हुए करीब 580 पौधे रोपे।

इस अवसर पर माइंस एजेंट अभिषेक भारद्वाज ने कहा कि स्वच्छता केवल सरकार की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य है। सभी को अपने कार्यस्थल और आसपास के क्षेत्रों में साफ-सफाई बनाए रखने के लिए जागरूक रहना चाहिए। स्वच्छ वातावरण से अनेक समस्याओं से बचाव संभव है। माइंस प्रबंधक जय सचदेवा ने कहा कि स्वच्छता केवल सफाई तक सीमित नहीं है, बल्कि इसे जीवनशैली और दिनचर्या का हिस्सा बनाया जाना चाहिए। स्वच्छ वातावरण से शरीर स्वस्थ रहने के साथ तन और मन को भी सकारात्मक ऊर्जा मिलती है। उन्होंने सभी कर्मचारियों एवं श्रमिकों से स्वच्छता को नियमित आदत बनाने का आह्वान किया।

आंबा केंद्र में आंगन मिलन कार्यक्रम आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ गिधौरी

सेवा संकल्प के तहत आंगनबाडी केंद्रो में आंगन मिलन आयोजित किया जा रहा है ग्राम पंचायत पुलेनी के आंगनबाड़ी आंगन मिलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। पर्यवेक्षक मुनिया वर्मा के मार्गदर्शन में कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। जिसमें महिला एवं बाल विकास विभाग की योजनाओं, पोषण, जागरूकता, स्वास्थ्य सुरक्षा के विषय में जानकारी देकर लोगों को जागरूक किया गया। आंगन मिलन कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सरपंच, पंच एवं शिक्षक एवं सकरीय महिला उपस्थित थे। इस कार्यक्रम में महिलाओं के लिए विभिन्न मनोरंजक खेल प्रतियोगिता आयोजित की गई। जिसमें मोमबत्ती जलाना में प्रथम पुष्पा, द्वितीय रीता, तृतीय सुजाता एवं कुर्सी दौड़ में प्रथम रामेश्वरी, द्वितीय पुष्पा, तृतीय श्यामकुमारी, स्थान रही। आंगनबाडी पुलेनी आंगन मिलन कार्यक्रम में पुलेनी केंद्र से आंगनबाड़ी कार्यकर्ता शमा पटेल, धनेश्वरी परमार तथा बलौदा से जानवी बिंझवार, घटमडवा से सरोज चौहान और सहायिका टोकेशवरी वर्मा, बुधवारा पटेल उपस्थित थे। बच्चों के बेहतर स्वास्थ्य और उचित पोषण को बढावा देने के लिए स्वास्थ्य बच्चा प्रतियोगिता आयोजन में एक वर्ष आयु वर्ग में टिया वर्मा, नौ माह आयु वर्ग में भाविका, एक वर्ष आयु वर्ग में रिहान पटेल, करण पटेल विजेता रहा। विजेताओं को पुरस्कार देकर प्रोत्साहित किया गया। इस दौरान ग्रामीण महिला भारी संख्या में उपस्थित थे।



आंबा में मनाया गया आंगन मेला सेवा संकल्प अभियान

करहीबाजार। ग्राम पंचायत आंगनबाड़ी के आंगनबाड़ी केंद्र में बुधवार, 30 सितंबर 2026 को आंगन मेला सेवा संकल्प अभियान का आयोजन किया गया। इस अवसर पर आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं एवं ग्रामीणों की उपस्थिति में अभियान से संबंधित विभिन्न गतिविधियां आयोजित की गईं। जिसमें पौधा रोपण भी किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य आंगनवाड़ी सेवाओं के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा बच्चों एवं महिलाओं को शासन की योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए लोगों को प्रेरित किया गया। अभियान के दौरान उपस्थित लोगों ने सेवा एवं सहयोग की भावना के साथ संकल्प लिया। जिसमें सरपंच कमला अरुण निषाद, जनपद सदस्य रेवती, राजेश पटेल समस्त पंच गण सभी आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, स्वास्थ्य विभाग एवं ग्रामवासी उपस्थित रहे।



26 घंटे से अधिक थमे रहे बसों के पहिए, अधिकारियों के आश्वासन के बाद हड़ताल समाप्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार

बस स्टैंड में सवारी भरने को लेकर ई-रिक्शा चालक और बस चालक के बीच हुए विवाद के बाद शुरू हुई बस ऑपरेटरों की हड़ताल 26 घंटे से अधिक समय बाद गुरुवार दोपहर करीब 2 बजे प्रशासन के आश्वासन पर समाप्त हुई। इस दौरान जिला मुख्यालय से रायपुर, भाटापारा रेलवे स्टेशन, बिलाईगढ़ और भटगांव सहित विभिन्न मार्गों पर बसों का संचालन ठप रहा। बड़ी संख्या में यात्रियों को आवागमन में भारी परेशानी का सामना करना पड़ा।

बस सेवा बंद होने से आम जनजीवन भी प्रभावित रहा। जानकारी के अनुसार, बुधवार सुबह करीब 9:40 बजे बस स्टैंड में राधेश्याम बस में सवारी भरने को लेकर विवाद हुआ। पुलिस के अनुसार ई-रिक्शा चालक दिलीप मिरी और उसके पुत्र ने बस चालक राधे बांधे के साथ गाली-गलौज करते हुए मारपीट की। आरोप है कि बांस के डंडे से चालक के सिर पर कई वार किए गए, जिससे वह गंभीर रूप से घायल होकर बेहोश हो गया। प्राथमिक उपचार के बाद उसे बेहतर इलाज के लिए रेफर किया गया। घटना के विरोध में बस ऑपरेटरों ने बुधवार करीब 11 बजे से बसों का संचालन बंद कर दिया। बस ऑपरेटरों और बस स्टैंड के स्थानीय व्यापारियों ने आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी तथा बस स्टैंड परिसर में ऑटो और ई-रिक्शा के प्रवेश पर पूरी तरह प्रतिबंध लगाने की मांग की। उनका कहना था कि ई-रिक्शा चालक बस स्टैंड के बाहर से ही सवारी बैठाएं और उतारें।



एक आरोपी गिरफ्तार, दूसरा फरार

सिटी कोतवाली पुलिस ने मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए दिलीप मिरी (37), निवासी ग्राम मिशन परसाभदेर को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार आरोपी को मिशन परसाभदेर बाईपास रोड के पास से हिरासत में लिया गया। उसके मेमोरेंडम के आधार पर घर के पीछे बाड़ी से घटना में प्रयुक्त बांस का डंडा और घटना के समय पहने कपड़े जब्त किए गए हैं। मामले में एक अन्य आरोपी फरार है, जिसकी तलाश जारी है।

अधिकारियों के आश्वासन पर खुलीं बसें

पुलिस ने प्रकरण में भारतीय न्याय संहिता की धारा 296, 351(2), 115(2) और 109 के तहत कार्रवाई की है। प्रशासन की ओर से बस ऑपरेटरों से चर्चा में आरटीओ अधिकारी, तहसीलदार निवेश करोती, थाना प्रभारी लाकेश केवार्थ और नगर पालिका सीएमओ आशीष तिवारी के साथ बड़ी संख्या मे जनप्रतिनिधि, व्यापारी, आमजन मौजूद रहे। अधिकारियों के आश्वासन के बाद गुरुवार दोपहर बसों का संचालन दोबारा शुरू हुआ।

मॉडर्न इंग्लिश स्कूल में चित्रकला व भाषण प्रतियोगिता आयोजित

पीएम मोदी का 'राष्ट्र प्रथम' का मंत्र विकसित भारत की सबसे बड़ी ताकत

हरिभूमि न्यूज ⏭ भाटापारा

देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जनसेवा के गौरवशाली 25 वर्ष पूर्ण होने के ऐतिहासिक अवसर को समर्पित, छत्तीसगढ़ शासन द्वारा संचालित विकासखंड स्तरीय सेवा संकल्प अभियान/" के अंतर्गत गुरुवार को भाटापारा विकासखंड के मॉडर्न इंग्लिश स्कूल में चित्रकला एवं भाषण प्रतियोगिता का भव्य एवं गरिमामय आयोजन संपन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता, पूर्व विधायक एवं भाटापारा क्षेत्र के लोकप्रिय नेता शिवरतन शर्मा शामिल हुए। कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती के छायाचित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। छात्राओं द्वारा सरस्वती वंदना एवं स्वागत गीत की मनमोहक प्रस्तुति दी गई। छत्तीसगढ़ शासन के निर्देशानुसार प्रतियोगिता के लिए अत्यंत प्रासंगिक और प्रेरणादायी संकेत विषय निर्धारित किए गए थे, जिस पर बच्चों ने बढ़-चढ़कर अपने विचार रखे। बच्चों ने अपनी अद्भुत रचनात्मकता का परिचय दिया। चित्रकला में जहां बच्चों ने स्वच्छ भारत, स्वस्थ भारत और विकसित छत्तीसगढ़ के अपने सपनों को रंगों के माध्यम उतारा, वहीं भाषण प्रतियोगिता में उन्होंने धारा प्रवाह हिंदी और अंग्रेजी में बताया कि शिक्षा कैसे दुनिया बदल सकती है और विकसित भारत के निर्माण में एक विद्यार्थी के तौर पर उनका क्या कर्तव्य है।



25 वर्ष की तपस्या से बना राष्ट्र प्रथम का मंत्र

शिवरतन शर्मा ने कहा की आज का दिन हम सभी के लिए गौरव का दिन है। 7 अक्टूबर 2001 को जब नरेंद्र मोदी ने गुजरात के मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली थी, तब उन्होंने जनसेवा की एक नई परिभाषा लिखनी शुरू की थी। आज 25 वर्ष बाद वही निष्काम सेवा यात्रा 'राष्ट्र प्रथम' के विराट संकल्प में बदलकर पूरे विश्व को दिशा दे रही है। ये 25 वर्ष सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण को समर्पित रहे हैं। उन्होंने आगे कहा,सेवा संकल्प अभियान केवल एक कार्यक्रम नहीं है, यह जन-जन का अभियान है।



खबर संक्षेप



मातागढ़ तुरतुरिया में ज्योति कलश स्थापना 11 अक्टूबर को

कसडोल। कसडोल अंचल के प्रसिद्ध धार्मिक स्थल मातागढ़ तुरतुरिया धाम में शारदीय नवरात्रि का पर्व श्रद्धा और भक्ति के साथ मनाया जाएगा। जय मातागढ़ जन कल्याण समिति द्वारा 11 अक्टूबर से मनोकामना ज्योति कलश स्थापना की जाएगी। श्रद्धालु घृत ज्योति तथा तेल ज्योति प्रज्वलित कर सकेंगे। नवरात्रि के दौरान माता की आराधना सहित विभिन्न धार्मिक आयोजन होंगे। 15 अक्टूबर को पंचमी और 18 अक्टूबर को अष्टमी पर विशेष आयोजन किए जाएंगे। समिति अध्यक्ष पुष्पा ठाकुर, सचिव राजकुमार दीवान व कोषाध्यक्ष योगेश कुमार कश्यप सहित सदस्य व्यवस्थाओं में जुटे हैं। समिति ने श्रद्धालुओं से परिवार सहित धाम पहुंचकर आयोजनों में सहभागी बनने की अपील की है।

मतदाताओं के पंजीकरण के लिए चलेगा विशेष अभियान

बलौदाबाजार। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों के अनुपालन में,जिले में छूटे हुए एवं नए पात्र युवा मतदाताओं के पंजीकरण के लिए एक विशेष अभियान चलाया जाएगा। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य छूटे हुए पात्र नागरिकों के साथ-साथ ऐसे युवा एवं पहली बार पात्र बने मतदाताओं के नाम जोड़ने की प्रक्रिया को सुगम बनाना है, जिनके नाम अब तक मतदाता सूची में शामिल नहीं हो पाए हैं। यह कार्य बीएलओ द्वारा घर-घर भ्रमण कर मतदाता सूची के निरंतर अद्यतनीकरण की प्रक्रिया के अंतर्गत किया जाएगा। नागरिकों की सक्रिय सहभागिता और सहयोग से यह सुनिश्चित करने में सहायता मिलेगी कि कोई भी पात्र मतदाता सूची से वंचित न रहे तथा सभी पात्र नागरिक अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकें।समस्त पात्र नागरिकों से अपील की गई है कि वे इस अवसर का लाभ उठाएं और मतदाता सूची में अपना पंजीकरण विधिवत सुनिश्चित करें। मतदाता सूची में अपना पंजीकरण करने के लिए ईसीआई नेट मोबाइल एप्प या वेबसाइट के माध्यम से फॉर्म 6 में ऑनलाईन आवेदन भी किया जा सकता है।

स्कूली बच्चों ने चित्रकला से उकेरा सपनों का भारत



पलारी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सेवा और समर्पण के 25 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में पूरे भारत वर्ष में 17 सितंबर से लेकर 17 अक्टूबर तक सेवा संकल्प अभियान चलाया जा रहा है । इसी कड़ी में स्वामी आत्मानंद उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पलारी में आयोजित कार्यक्रम में किसान मोर्चा जिला महामंत्री एवं सेवा संकल्प अभियान ब्लाक संयोजक महेन्द्र साहू शामिल हुये । उन्होंने सेवा चित्र के सपनों का भारत कार्यक्रम के तहत बच्चों के द्वारा तैयार किया गया रंगोली और चित्रकला का निरीक्षण कर उन सबका हौसला बढ़ाते हुये कहा कि रंगोली, चित्रकला एवं भाषण प्रतियोगिता के माध्यम से प्रधानमंत्री मोदी जी द्वारा किये जा रहे सेवा कार्य एवं विकसित भारत की संकल्पना के बारे जानकारी प्राप्त कर अपने कलाकौशल का विकास करते हैं। इस अवसर पर विकासखंड शिक्षा अधिकारी नरेश वर्मा सहित शिक्षकगण एवं छात्र-छात्रायें उपस्थित थे।

अज्ञात वाहन की ठोकर से बुजुर्ग की मौत

महासमुंद। अज्ञात वाहन से की ठोकर से बुजुर्ग की मौत के मामले में पटेवा थाने में अपराध दर्ज किया गया है। पुलिस न बताया कि थाना पटेवा के मर्ग क्रमांक 44/2026 धारा 194 बीएनएसएस मृतक भोंदूराम साहू पिता तीरथ राम साहू (62 वर्ष) निवासी ग्राम चिरको की जांच की गई। जांच के दौरान पाया गया कि बुजुर्ग की मृत्यु अज्ञात वाहन के चालक द्वारा अपनी वाहन को तेज रफ्तार एवं लापरवाहीपूर्वक चलाकर ठोकर मारकर एक्सीडेंट करने से आ चोट से हुई है।

15 एकड़ में बनेगा 'अदाणी वन', मुरा में एक दिन में रोपे गए 2 हजार पौधे

हरिभूमि न्यूज ⏭ तिल्दा नेवरा

तिल्दा नेवरा पर्यावरण संरक्षण को केवल पौधारोपण तक सीमित रखने के बजाय उसे लंबे समय तक हरित क्षेत्र के रूप में विकसित करने की पहल तिल्दा क्षेत्र के ग्राम मुरा में शुरू हुई है। ग्राम पंचायत मुरा में लगभग 15 एकड़ भूमि पर 'अदाणी वन' विकसित किया जा रहा है, जिसके तहत कुल 10 हजार फलदार, छायादार और पर्यावरणोपयोगी पौधे लगाने का लक्ष्य रखा गया है। बुधवार को अभियान की शुरुआत करते हुए करीब 2 हजार पौधों का रोपण किया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में ग्रामीणों और जनप्रतिनिधियों ने पौधारोपण में हिस्सा लेकर उनके संरक्षण और संवर्धन का संकल्प लिया। अदाणी पॉवर लिमिटेड, रायपुर के समीप ग्राम पंचायत मुरा में अदाणी फाउंडेशन की ओर से आयोजित इस वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम में ग्रामीणों ने उत्साहपूर्वक भागीदारी की। कार्यक्रम में ग्राम पंचायत मुरा की सरपंच कंचन टोकेंद्र गायकवाड़, उपसरपंच संतोषी वर्मा, सरपंच प्रतिनिधि टोकेंद्र गायकवाड़, अदाणी पॉवर लिमिटेड के मानव संसाधन विभाग प्रमुख देवाशीष दास, उपसरपंच प्रतिनिधि जगदीश प्रसाद वर्मा, पंच सुमन दिवाकर एवं होरीलाल सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।अदाणी फाउंडेशन की ओर से प्रीति प्रजापति, राजीव रंजन, मनीष नंदवाना, सुमित साहू सहित एजुकेशन टीम के सदस्यों ने भी पौधारोपण किया।

अदाणी फाउंडेशन की हरित पहल से बदलेगी गांव की तस्वीर



केवल पौधे लगाना नहीं संरक्षण पर भी जोर

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अदाणी पॉवर लिमिटेड के मानव संसाधन विभाग प्रमुख देवाशीष दास ने कहा कि 'अदाणी वन' का उद्देश्य केवल पौधारोपण करना नहीं, बल्कि पर्यावरण संरक्षण, जलवायु संतुलन और सामुदायिक भागीदारी को लंबे समय तक मजबूत करना है। उन्होंने कहा कि यहां प्रतिदिन पौधारोपण किया जाएगा और लगाए गए पौधों की देखभाल एवं संरक्षण पर भी विशेष ध्यान दिया जाएगा।

रिफॉर्म उत्सव आज से

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार

भारत सरकार एवं राज्य सरकार एक साथ मिलकर 'रिफॉर्म उत्सव' के माध्यम से नागरिक-केंद्रित वाटरशेड विकास सुधारों को ग्रामीण समुदायों तक पहुँचाने का प्रयास कर रही है। 'रिफॉर्म उत्सव' के माध्यम से वाटरशेड विकास सुधारों को जमीनी स्तर तक पहुँचाया जाएगा, देश भर के 9,593 ग्राम पंचायतों में ग्राम सभाओं के माध्यम से वाटरशेड सुधारों की जानकारी प्रदान की जायेगी। इस पहल का उद्देश्य वाटरशेड विकास से जुड़े सुधारों के प्रति जागरूकता बढ़ाना, जनभागीदारी को प्रोत्साहित करना तथा सामुदायिक स्वामित्व को मजबूत करना है। जन योजना अभियान (पीपीसी) 'सबकी योजना, सबका विकास' के साथ एकीकृत किया जा रहा है। इसकी शुरुआत 2 अक्टूबर से ग्राम सभाओं के माध्यम से होगी। इस अवसर पर परियोजना-स्तरीय ग्राम पंचायतों एवं ग्रामीण समुदायों को वाटरशेड विकास से जुड़े सुधारों, उपलब्धियों एवं योजनाओं की जानकारी दी जाएगी। साथ ही, जनभागीदारी एवं सामुदायिक स्वामित्व को बढ़ावा देने के लिए आवश्यक प्रयास किए जाएंगे। मिट्टी और पानी का संरक्षण, समृद्धि की आधारशिला मिट्टी को बचाना है, तो पानी को सहेजना जरूरी है। वाटरशेड विकास का उद्देश्य मिट्टी और पानी का संरक्षण कर जल-सुरक्षित गांव, मजबूत खेती और समृद्ध किसान तैयार करना है। सूखा प्रभावित और वर्षा आधारित क्षेत्रों में, जहां पहले किसान एक भी फसल नहीं उगा पाते थे, वहाँ अब एक फसल ली जा रही है और जहां पहले एक फसल होती थी, वहाँ अब दो या उससे अधिक फसलें ली जा रही हैं। इससे कृषि उत्पादन, किसानों की आय और आजीविका के अवसरों में वृद्धि हो रही है।

- वाटरशेड विकास सुधारों को लोगों को पहुंचाने की पहल

पेयजल संकट : 20 दिनों से नल-जल योजना ठप

खुड़मुड़ी और कटवाझर में सौर ऊर्जा पैनल खराब

हरिभूमि न्यूज ⏭ कसडोल

गांवों में हर घर तक पानी पहुंचाने के लिए शुरू की गई नल-जल योजना सौर ऊर्जा पैनल खराब होने के कारण प्रभावित हो गई है। जनपद पंचायत कसडोल के वनांचल क्षेत्र ग्राम पंचायत खुड़मुड़ी और कटवाझर में पिछले करीब 20 दिनों से पेयजल आपूर्ति ठप होने से ग्रामीणों को पानी के लिए भटकना पड़ रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि समस्या की जानकारी संबंधित विभाग व जिम्मेदारों तक पहुंचाए जाने के बावजूद अब तक सौर पैनल की मरम्मत नहीं हो सकी है। बताया जा रहा है कि दोनों गांवों में नल-जल योजना के संचालन के लिए सौर ऊर्जा आधारित सिस्टम लगाया गया है। सोलर पैनल खराब होने के बाद पानी की मोटर संचालित नहीं हो पा रही है, जिसके चलते घरों तक नियमित पेयजल नहीं पहुंच रहा है।

पंचायत प्रतिनिधियों के प्रयास के बावजूद नहीं हुई मरम्मत



पंचायत प्रतिनिधियों के प्रयास भी बेअसर

पंचायत प्रतिनिधियों द्वारा समस्या के समाधान के लिए संबंधित विभाग और जिम्मेदार अधिकारियों को सूचना देने तथा मरम्मत कराने का प्रयास किए जाने की बात सामने आई है। इसके बावजूद करीब तीन सप्ताह बीतने के बाद भी व्यवस्था बहाल नहीं हो सकी है। इससे ग्रामीणों में नाराजगी बढ़ रही है।

ग्रामीणों के सामने पानी जुटाने की मजबूरी

नल से पानी नहीं मिलने के कारण ग्रामीणों को दूसरे जलस्रोतों पर निर्भर होना पड़ रहा है। खासकर महिलाओं, बुजुर्गों और बच्चों को पानी की व्यवस्था के लिए परेशानी उठानी पड़ रही है। ग्रामीणों ने मांग की है कि खराब सौर पैनल की तत्काल मरम्मत कराकर नल-जल योजना को दोबारा चालू किया जाए।

जिम्मेदारी पर उठ रहे सवाल

नल-जल योजना के तहत बुनियादी ढांचा तैयार करने के बाद उसके नियमित रखरखाव और खराब उपकरणों की समय पर मरम्मत की व्यवस्था भी जरूरी है। ऐसे में सवाल यह है कि 20 दिनों से योजना बंद होने के बावजूद जिम्मेदार विभाग ने अब तक प्रभावी कदम क्यों नहीं उठाया? ग्रामीणों ने प्रशासन से मामले में हस्तक्षेप कर जल्द पेयजल आपूर्ति बहाल कराने की मांग की है।

गर्भनिरोध व परिवार नियोजन को लेकर ग्रामीणों को किया जागरूक



हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार

विश्व गर्भनिरोधक दिवस (26 सितंबर) के अवसर पर श्री सीमेंट की सीएसआर टीम ने आसपास के प्रभावित गांवों में एक सप्ताह तक सामुदायिक स्वास्थ्य जागरूकता अभियान चलाया। इसके तहत सेमराडीह, करही एवं खपराडीह में संवादात्मक जागरूकता सत्र आयोजित किए गए। कार्यक्रम में ग्रामीणों को गर्भनिरोध, परिवार नियोजन की विभिन्न विधियों तथा यौन संचारित रोगों से बचाव के संबंध में जानकारी दी गई। संवाद के माध्यम से ग्रामीणों की स्वास्थ्य संबंधी शंकाओं का समाधान किया गया और प्रचलित भ्रांतियों को दूर करने का प्रयास किया गया। विशेषज्ञ चिकित्सक डॉ. भावना साहू ने उपस्थित लोगों को स्वास्थ्य संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी दी। ऑक्यूपेशनल हेल्थ सेंटर एवं सीएसआर टीम की संयुक्त पहल का उद्देश्य निवारक स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करना और ग्रामीण समुदाय में स्वास्थ्य शिक्षा को बढ़ावा देना रहा। कार्यक्रम को सफल बनाने में श्री फाउंडेशन ट्रस्ट के अभय प्रताप सिंह, बिरेंद्र कुमार बघेल एवं अशोक वर्मा का योगदान रहा। इस अवसर पर ग्राम सरपंच प्रमिला जितेंद्र वर्मा सहित राजेश्वरी बघेल, कृष्णा साहू, गिरिजा ध्रुव, गायत्री वर्मा, महेश्वरी वर्मा, मंजू बघेल, कमलेश्वरी ध्रुव, अमृत वर्मा, शकुंतला बघमार, मधु बघमार, धरती वर्मा, किरण तथा खपराडीह स्वास्थ्य केंद्र के कर्मचारियों ने सहयोग किया।

महामाया तालाब परिसर में चला सामूहिक सफाई अभियान



हरिभूमि न्यूज ⏭ खरोरा

सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत "स्वच्छता ही सेवा" कार्यक्रम के तहत आज 01 अक्टूबर 2026 को ग्राम पंचायत कनकी में सामूहिक स्वच्छता अभियान आयोजित किया गया। कार्यक्रम का आयोजन अमृत सरोवर महामाया तालाब पार में प्रातः 7 बजे किया गया। अभियान में ग्राम पंचायत के सरपंच दुर्गेश वर्मा, सचिव कोमल प्रसाद साहू, रोजगार सहायक खाडानंद वर्मा, पंचगण, मितानिन, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका, स्वच्छता ग्राही समूह, महिला समूह के सदस्यगण वीबीजी राम जी के मेट तथा ग्रामवासियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। सभी ने मिलकर तालाब परिसर एवं आसपास के क्षेत्र में साफ-सफाई कर स्वच्छता का संदेश दिया। इस अवसर पर ग्रामीणों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करते हुए अपने घर, गली, मोहल्ले एवं सार्वजनिक स्थलों को स्वच्छ रखने तथा कचरा निर्धारित स्थान पर डालने के लिए प्रेरित किया गया। साथ ही सभी को स्वच्छता शपथ दिलाया गया। कार्यक्रम के माध्यम से "स्वच्छ ग्राम–सुंदर ग्राम, स्वस्थ ग्राम–हमारा ग्राम" का संदेश दिया गया। ग्राम पंचायत की ओर से सभी सहभागियों का आभार व्यक्त करते हुए भविष्य में भी स्वच्छता गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी की अपील की गई।

330 शालेय खिलाड़ी, चार खेल दिवसों में दिखेगा दमखम

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलाईगढ़

सारंगढ़-बिलाईगढ़ जिला 26वीं राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता-2026 की मेजबानी करेगा। 4 से 7 अक्टूबर तक सारंगढ़ के खेलभांठा मैदान में आयोजित चार दिवसीय प्रतियोगिता में बिलासपुर, रायपुर, दुर्ग, बस्तर और सरगुजा संभाग के 330 खिलाड़ी शामिल होंगे।

प्रतियोगिता का शुभारंभ स्कूल शिक्षा, ग्रामोद्योग, विधि एवं विधायी कार्य मंत्री गजेन्द्र यादव के मुख्य आतिथ्य में होगा। राजस्व एवं आपदा प्रबंधन तथा उच्च शिक्षा मंत्री टंकराम वर्मा कार्यक्रम की अध्यक्षता करेंगे। जिला पंचायत अध्यक्ष संजय भूषण पांडेय और नगर पालिका अध्यक्ष सोनी अजय बंजारे विशिष्ट अतिथि होंगे। प्रतियोगिता में 17 वर्ष आयु वर्ग बालक-बालिका सॉफ्टबॉल, 14 वर्ष बालक फुटबॉल और 17 वर्ष बालिका क्रिकेट की स्पर्धाएं होंगी। प्रत्येक संभाग से 66 खिलाड़ी भाग लेंगे। आयोजन को लेकर जिला प्रशासन और स्कूल शिक्षा विभाग ने तैयारियां तेज कर दी हैं। कलेक्टर पद्मिनी भोई साहू ने खेल मैदान, आवास, भोजन, पेयजल, स्वच्छता, स्वास्थ्य और सुरक्षा सहित सभी व्यवस्थाएं समय पर पूर्ण करने के निर्देश दिए हैं।



आयुष स्वास्थ शिविर का आयोजन, 258 लोगों ने लिया लाभ



बलौदाबाजार। आयुष विभाग अंतर्गत निःशुल्क आयुष स्वास्थ शिविर एवं राष्ट्रीय आयुष मिशन कार्यक्रम अंतर्गत ऑस्टियोआर्थराइटिस एवं मस्क्युलोस्केलेटल डिसऑर्डर एवं व्योमित्र स्क्रीनिंग शिविर ग्राम पंचायत भवन मोहतरा में आयोजित किया गया। शिविर में आयुर्वेद चिकित्सा में 148 एवं होम्योपैथी में 110 कुल 258 लाभार्थी उपस्थित रहे। शिविर में शिविर प्रभारी एवं आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी डॉ.एल एस ध्रुव, आयुष चिकित्सक डॉ.नेकदत्त बरतामसी, फार्मासिस्ट सावित्री योगी, योगेंद्र गेंद्रे, त्रिलोक कुमार यादव, भारत साहू, सरपंच हेमू देवदास एवं बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे।

किशन, कृष्णा व चमन का राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए चयन

खरोरा। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय टोहड़ा के कक्षा 11वी के छात्र कृष्णा साहू पिता-चंद्रप्रकाश साहू और कक्षा 12वी के छात्र किशन साहू पिता- सोमीत साहू का (17 वर्ष बालक) राज्य स्तरीय खो-खो प्रतियोगिता के लिए चयन हुआ है चयनित दोनों खिलाड़ी आर.एस. योद्धा क्लब सरारीडीह में नियमित रूप से अभ्यास करते है टोहड़ा स्कूल से ही चमन वर्मा का राज्य स्तरीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता में चयन हुआ पिछले वर्ष भी एक छात्र सागर धीवर का चयन हरियाणा कुरूक्षेत्र नेशनल खो-खो के लिए हुआ था टोहड़ा स्कूल के प्राचार्य आर. एक्का ने चयनित खिलाड़ियों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए इस प्रतियोगिता में अच्छा प्रदर्शन कर स्कूल और अपने माता-पिता का नाम रौशन करने के लिए प्रेरित किये टोहड़ा स्कूल के व्यायाम शिक्षक नोतन साहू भी अत्यधिक उत्साहित है।और उन्होंने सभी खिलाड़ियों को अच्छा प्रदर्शन करने के लिए काफी अभ्यास करवाने के साथ-साथ बहुत प्रोत्साहित किया है स्कूल के समस्त स्टाफ ने भी चयनित खिलाड़ियों को प्रतियोगिता में चयन होने के लिए बधाई और आशीर्वाद दिए,यह प्रतियोगिता 28 सितंबर से 01 अक्टूबर तक रायगढ़ में आयोजित हुआ था।



93 को बांटे गए मुफ्त चश्मे, 273 लोगों की हुई टीबी स्क्रीनिंग

पनगांव मंडी में 443 लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार

सेवा संकल्प अभियान अंतर्गत कृषि उपज मंडी परिसर पनगांव, बलौदाबाजार में आयोजित सेवा सेतु शिविर में नागरिकों को विभिन्न शासकीय सेवाओं के साथ निःशुल्क स्वास्थ्य सुविधाएं भी उपलब्ध कराई जा रही हैं। कलेक्टर कुलदीप शर्मा के निर्देश एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी के मार्गदर्शन में स्वास्थ्य विभाग द्वारा शिविर में विशेष स्वास्थ्य जांच कैंप आयोजित किया गया। शिविर में कुल 443 लोगों की निःशुल्क स्वास्थ्य जांच की गई। जांच के उपरांत आवश्यकता वाले 93 लोगों को निःशुल्क चश्मा प्रदान किया गया। वहीं एक्स-रे के माध्यम से 273 लोगों की निःशुल्क टीबी स्क्रीनिंग की गई। स्क्रीनिंग के दौरान संभावित मरीजों की पहचान कर उन्हें आवश्यक परामर्श एवं आगे की जांच के लिए मार्गदर्शन दिया गया।



विशेषज्ञ डॉक्टरों ने दी सेवाएं

स्वास्थ्य जांच कैंप में नागरिकों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए विशेषज्ञ चिकित्सकों की व्यवस्था की गई थी। दंत रोग, स्त्री रोग, अस्थि रोग तथा ईएनटी (नाक, कान एवं गला) के विशेषज्ञ चिकित्सकों ने शिविर में पहुंचकर मरीजों की जांच की और आवश्यक चिकित्सकीय परामर्श प्रदान किया। सेवा सेतु शिविर के माध्यम से नागरिकों को उनके नजदीक ही निःशुल्क स्वास्थ्य जांच, विशेषज्ञ चिकित्सकीय परामर्श, चश्मा एवं टीबी स्क्रीनिंग जैसी सुविधाएं उपलब्ध कराई गईं। शिविर में स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ लेने पहुंचे नागरिकों ने इस पहल की सराहना करते हुए शासन एवं जिला प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त किया।

